प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
## ऑटोकैड पर डिजिटल डिजाइन प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

पन्तनगर। 09 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग में दिनांक 4–9 दिसम्बर 2023 तक होने वाली ऑटोकैड पर डिजिटल डिजाइन प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन आज सम्पन्न हुआ। इस समापन समारोह में कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर तथा पी. आई. आई.डी.पी.–नाहेप एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. एस.के. कश्यप उपस्थित रहे। इस छः–दिवसीय कार्यशाला में तृतीय वर्ष के 60 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इन विद्यार्थियों को डा. के.पी. रावेरकर व डा. एस.के. कश्यप ने प्रशिक्षण का महत्व बताते हुये इसके ज्ञान का एवं इन्टीरियर डिजाइन डेकोरेशन के अभ्यास करते रहने पर बल दिया एवं छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित किया तथा लगातार ऑटोकैड प्रशिक्षण को कौशल विकास के लिये उपयोग करने पर जोर दिया। इस प्रशिक्षण की मुख्य समन्वयक, अधिष्ठात्री, गृहविज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल थी। समन्वयक, विभागाध्यक्ष संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग डा. अदिति वत्स ने छः–दिवसीय कार्यशाला का तिथिवार संक्षिप्त रूप–रेखा प्रस्तुत की जिसमें उन्होंने ऑटोकैड का महत्व, उपयोग, प्रेक्टिकल एप्लिकेशन की जानकारी प्रस्तुत की और बताया कि आटो सीएडी एक सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग है। इसके द्वारा 2डी व 3डी डिजाइन एवं ड्राफ्टिंग का कार्य किया जा सकता है। सभी विद्यार्थियों को डा. रावेरकर ने प्रमाण–पत्र वितरित करके विद्यार्थियों के मनोबल को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन सह प्राध्यापक व संयोजक डा. छाया शुक्ला के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में टेथिस टेक्नोलॉजीज रूद्रपुर से दो विशेषज्ञ मयंक श्रीवास्तव व अरविन्द तिवारी उपस्थित थे। आयोजक समिति में डा. सीमा क्वात्रा, डा. छाया शुक्ला, श्री टी.ए. खस्तगीर, डा. दिव्या सिंह व डा. संध्या रानी सम्मिलित रहे।




*प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र प्रदान करते कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर एवं अन्य।*

**निदेशक संचार**